Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to expedite land acquisition work for Wardha-Yavatmal-Nanded railway line in Maharashtra - Laid

श्री रामदास सी .तडस (वर्धा): मैं माननीय रेल मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूँ कि 'वर्धा-यावतमल-नांदेड' नई स्वीकृत रेल लाइन को प्रधानमंत्री कार्यालय के प्रगति पोर्टल पर लिया है, यह रेल लाईन विदर्भ एवं मराठवाड़ा की जीवन रेखा है तथा इस योजना के पूरा होने से यहाँ के नागरिक, बुद्धिजीवी, व्यवसायी वर्ग को काफी सहुलियत होगी एवं व्यापार भी आगे बढ़ेगा। इस योजना के कार्य हेतु जो जमीन अधिग्रहण का कार्य चल रहा है वह बहुत ही धीमी गति से है, यदि इस तरह से कार्य चला तो जो समय सीमा सरकार ने रेल लाईन को बनाने के लिए तय की है उसमें यह कार्य पूरा नहीं हो पाएगा।

अत : माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि इस परियोजना को त्वरित गति प्रदान करने हेतु महाराष्ट्र सरकार से वार्ता कर जल्द ही जमीन अधिग्रहण का कार्य पूरा कर रेल लाईन का कार्य प्रारंभ करवाया जाए।